झारखंड को मिली वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

चर्चा में क्यों?

27 जून, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से राँची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर ऑनलाइन उद्घाटन किया, जिसके साथ ही वंदे भारत राँची से पटना के लिये रवाना हो गई।

प्रमुख बिंदु

- राँची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस झारखंड और बिहार के लिये पहली वंदे भारत रेलगाड़ी है।
- राँची-पटना नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पटना से प्रस्थान करेगी और गया, कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना तथा मेसरा रेलवे स्टेशनों पर रुकते हुए उसी दिन राँची स्टेशन पहुँचेगी।
- प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधनों से समृद्ध राँची खनिज आधारित उद्योगों के लिये एक आदर्श स्थान है। यह ट्रेन स्थानीय व्यापारियों और कारोबारियों के लिये पटना के साथ तेज कनेक्टिविटी स्थापित करने की दृष्टि से लाभदायक साबित होगी।
- पटना और राँची के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाने वाली यह रेलगाड़ी पर्यटकों, छात्रों और व्यवसायियों के लिये वरदान साबित होगी।
- वंदे भारत एक्सप्रेस के रवाना होने के पहले दिन विभिन्न स्कूलों के बच्चों को फ्री में सफर कराया गया।
- विदित है कि अब देश में कुल 23 वंदे भारत ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। ये ट्रेनें विभिन्न मार्गों पर वर्तमान में सबसे तेज चलने वाली ट्रेनों की तुलना में यात्रा के समय में कई घंटों की बचत कर रही हैं।
- वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करेगी और पर्यटन को बढ़ावा देगी।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/a-gift-of-vande-bharat-express-to-jharkhand